01/07/2025

आज महाविद्यालय के स्थापना दिवस के पावन
अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा डॉ संध्या भोई,
वसुधा ईको क्लब प्रभारी श्रीमती हेमलता पटेल, महा०
के समस्त स्टॉफ द्वारा महा० परिसर में कई छायादार
पौधों का रोपण किया गया। ~~वृक्षा~~ ताकि उस दिवस को
यादगार बनाया जा सके। ~~इस~~ 1 जुलाई 1972 को
महा० की स्थापना हुई थी, और आज यह महाविद्यालय
उन्नति के ओर लगातार अग्रसर होकर नई-नई ऊंचाइयों
को छू रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संध्या भोई
द्वारा कहा गया, कि ये वृक्ष न केवल पर्यावरण की रक्षा
करेंगे बल्कि महाविद्यालय में आने वाली अनेक पीढ़ियों
के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय
परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

संयोजक
श्रीमती हेमलता पटेल
प्रभारी वसुधा ईको क्लब

प्राचार्य
डॉ संध्या भोई

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G)


ईको क्लब
GPS Map Camera
Saraipali,Chhattisgarh,India
NH 53, Saraipali, Saraipali, Chhattisgarh
493558, India
Lat 21.311767, Long 82.981362
07/01/2025 03:11 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera


GPS Map Camera
Saraipali,Chhattisgarh,India
NH 53, Saraipali, Saraipali, Chhattisgarh
493558, India
Lat 21.311799, Long 82.981369
07/01/2025 03:13 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Mahasamund - 02 Jul 2025 - 02msd4
epaper.navabharat.news



# महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर पौधरोपण

सरायपाली। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में आज 1 जुलाई को स्थापना दिवस के अवसर पर ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष जीवन का आधार हैं और आज के इस विशेष दिन पर वृक्षारोपण का आयोजन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। वहीं ईको क्लब प्रभारी श्रीमती हेमलता पटेल, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी यू के चरिहा एवं श्रीमती प्राची गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने और पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में नीम, करंज, गुलमोहर, अमरूद आदि पौधों का रोपण किया गया, जिसमें महाविद्यालय के समस्त सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी ।

Page :
Date :

08/07/2025

आज दिनांक 08/07/2025 को स्थानीय विधायक श्रीमती चातुरी नंद ~~सखशि~~ द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि "वृक्ष धरती का आभूषण है, ~~आ~~ हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना चाहिए।" कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संध्या भोई, ईको क्लब प्रभारी श्रीमती हेमलता पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री यू.के. बरिहा, ~~आदि~~ महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

[signature]
माननीय विधायक -
श्रीमती चातुरी नंद

[signature]
प्राचार्य
डॉ संध्या भोई

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

वसुधा ईको क्लब [signature]
श्रीमती हेमलता पटेल

- जयंत यादव [signature]
- केशव अग्रवाल - [signature]
- kusum katak [signature]
- प्रखर शर्मा - PRAKHAR
- कमल अग्रवाल [signature]

वभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Mahasamund - 09 Jul 2025 - 09msd4
epaper.navabharat.news



# महाविद्यालय परिसर में रोपे पौधे

सरायपाली। स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्रीमती चातुरी नंद उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए जीवनदायिनी सौगात है। यदि हम आज एक पौधा लगाते हैं, तो भविष्य में वह कई पीढ़ियों को शुद्ध वायु, छाया और जीवन प्रदान करेगा। यह आयोजन ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और अतिथियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ।


शासकीय महाविद्यालय सरायपाली




ईको



Page :
Date :

2025-26

15/07/25

आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री संजय शर्मा जी, श्री चंद्रकुमार पटेल जी, श्री विपिन उपवेजा जी, श्री गुंजन अग्रवाल जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय में प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। सांसद महोदया ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है लगाए हुए वृक्षों की सुरक्षा करना। इस तरह उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की बात की।

संयोजक
प्रभारी - वसुधा ईको क्लब
श्रीमती हेमलता पटेल

प्राचार्य
डॉ. संध्या भोई

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

# सांसद चौधरी ने शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में पौधरोपण कर दिया सुरक्षा का संदेश

**सरायपाली**, 16 जुलाई (देशबन्धु) स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालयमें आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए च्एक पेड़ माँ के नामज्वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी विशिष्ट अतिथि संजय शर्मा चन्द्र कुमार पटेल विपिन उपवेजा गुंजन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। सांसद ने कहा कि —ज्पर्यावरण संतुलन के लिए पौधा रोपण जितना जरूरी है, उतना ही आवश्यक है पहले से लगे वृक्षों की सुरक्षा करना। पौधा लगाना तो पहला कदम है, असली जिम्मेदारी उसकी देखभाल और संरक्षण में है।ज्कार्यक्रम के दौरान नीम, आम, पीपल, अशोक, जामुन जैसे पौधे लगाए गए। साथ ही, वृक्षों की सुरक्षा के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया कि वे 'एक छात्रज्एक वृक्ष' के संकल्प को अपनाएं और उस पौधे की नियमित देखभाल करें।वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। जल, वायु और भूमि की शुद्धता बनाए रखने में पेड़ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई प्राध्यापकगण ,अन्य अतिथि एवं छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और वृक्षारोपण में सहभागिता की।यह आयोजन वसुधा ईको क्लब एवं राष्टीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ ।







